चंडीगढ़ पुलिस में पहली बार भर्ती होंगे 200 आइटी कांस्टेबल

डा. सुमित सिंह श्योराण • चंडीगढ़

- बीएससी, एमएससी आइटी डिग्री वाले होंगे योग्य
- 33 प्रतिशत पदों पर लड़कियों को मिलेगा भर्ती का मौका
- अगले 15 दिन के अंदर शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया
- तीन से चार माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी

सेक्टर-9 स्थित चंडीगढ़ सचिवालय की बिल्डिंग • जागरण

चंडीगढ़ पुलिस में नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए खुशखबरी है। चंडीगढ़ प्रशासन ने पुलिस विभाग में 200 पुलिस कांस्टेबल की भर्ती को मंजूरी दे दी है। जनवरी अंत तक इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। देश भर से युवा इस भर्ती प्रक्रिया में योग्यता के हिसाब से आवेदन कर सकेंगे। चंडीगढ़ पुलिस में करीब 200 आइटी कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया को प्रशासक की ओर से मंजूरी दे दी गई है। पुलिस विभाग ने भी भर्ती प्रक्रिया को शुरु करने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। पुख्ता सूत्रों के अनुसार अगले 15 दिनों में चंडीगढ़ पुलिस आइटी कांस्टेबल भर्ती को प्रक्रिया शुरू कर देगा। चंडीगढ़ पुलिस में पहली बार आइटी एक्सपर्ट युवाओं को कांस्टेबल के पद पर भर्ती किया जाएगा।

कांस्टेबल के 33 फीसद पदों पर लड़कियों को नियुक्ति दी जाएगी। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से आइटी कांस्टेबल भर्ती को रिकार्ड तीन महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सब ठीक रहा तो लोकसभा चुनाव से पहले नए आइटी कांस्टेबल को नियुक्ति पत्र जारी हो जाएंगे। हरियाणा और पंजाब के युवाओं में चंडीगढ़ पुलिस भर्ती को लेकर सबसे अधिक क्रेज रहता है।

आइटी कांस्टेबल को 10 प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा

चंडीगढ़ पुलिस में भर्ती होने वाले आइटी कांस्टेबल को स्पेशल इनसेनटिव के तहत 10 प्रतिशत अधिक सैलरी देने का प्रपोजल है। बीएससी,एमएससी आइटी और साइबर सिक्योरिटी, डाटा माइनिंग, वायरलेस, कोडिग प्रोग्राम की जानकारी रखने वाले युवा भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे। भर्ती किए जाने वाले आइटी कांस्टेबल को चंडीगढ़ पुलिस के सभी थाने और आइटी इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कामों के लिए नियुक्त किया जाएगा।

चंडीगढ़ पुलिस में पहली बार 200 आइटी कांस्टेबल की भर्ती होने जा रही है। भर्ती प्रक्रिया का शेड्यल लगभग तैयार है। अगले 15 दिनों में भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। सिर्फ आइटी की बेहतर जानकारी वाले युवाओं को ही नियुक्ति किया जाएगा। तीन से चार महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का टारगेट रखा है।

– **प्रवीर रंजन**, डीजीपी चंडीगढ़ पुलिस।

744 कांस्टेबल और एएसआइ ने पुलिस विभाग में ज्वाइन किया : चंडीगढ़ पुलिस में एक वर्ष के भीतर रिकार्ड पुलिस कांस्टेबल की भर्ती होगी। बीते पांच महीनों में चंडीगढ़ पुलिस में 700 कांस्टेबल और 44 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। 22 दिसंबर 2023 को चंडीगढ़ पुलिस में भर्ती हुए 744 कांस्टेबल और एएसआइ को गृह मंत्री अमित शाह ने सेक्टर-26 स्थित सीसीईटी में आयोजित एक समारोह में नियुक्ति पत्र आवंटित किए थे। सभी कांस्टेबल की एक जनवरी से जालंधर में नौ महीने की ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है।

शिक्षा विभाग भी भर्ती के लिए जारी करेगा विज्ञापन : सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने के इच्छुक युवाओं के लिए भी अच्छी खबर है। शिक्षा विभाग जनवरी अंत तक टीजीटी के 412 और समग्र शिक्षा के तहत 148 जेबीटी (99) और टीजीटी (49) पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करेगा। डायरेक्टर स्कूल एजुकेशन (डीएसई) हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ के अनुसार टीजीटी और समग्र शिक्षा के तहत शिक्षकों की भर्ती के लिए जनवरी में ही विज्ञापन जारी करेगा। इन पदों पर लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर ही चयन होगा। बराड़ ने कहा कि शिक्षा विभाग में इस साल 1200 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।